तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 एक्ट का उल्लंघन, चार संस्थान सील, लगा 20-20 हजार जुर्माना




11 मंत्री पहुंचे अस्पताल, पुरानी मशीनों की ली ...




## खबर संक्षेप

### चिंगरी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 12 से

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 12 से 16 जनवरी तक किया जाएगा। इस अवसर पर कलश यात्रा, युग संगीत, सामूहिक जाप, दीप महायज्ञ, प्रज्ञायोग व पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार जैसे विभिन्न संस्कार आयोजित किए जाएंगे। प्रेमलाल सिन्हा ने उक्त जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### मोहंदीपाट में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**अंडा।** ग्राम मोहंदीपाट में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से शुरू होगी। लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन ने बताया कि कथा वाचक संत श्री निरंजन महाराज जी होंगे। पहले दिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्री भागवत स्थापना पूजा, श्री गोकर्ण कथा होगी। दूसरे दिन मंगलाचरण, धर्म पृथ्वी संवाद कलियुग को दंड, परीक्षित को शाप, श्री सुकदेव का घर आगमन होगा। शुक्रवार को सृष्टि वर्णन विदुर कथा, वाराह अवतार सती चरित्र, शिव विवाह, शनिवार को ध्रुव चरित्र भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र का वर्णन करेंगे। 7 जनवरी को गजेन्द्र मोक्ष सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार, राजा बाली प्रसंग, 8 जनवरी को श्री कृष्ण जन्म जन्म महोत्सव, पूतना वध, बाल लीला, माखन चोरी, 9 को वृन्दावन लीला मथुरागमन कंसवध, श्री रुखमणी मंगल कथा वर्णन, 10 को श्री सुदामा चरित्र द्वारिका तीला भाव, यदुवंश क्षय, परीक्षित मोक्ष के बाद भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण, चढौत्री कार्यक्रम होगा। 11 जनवरी को श्री गीतासार प्रवचन हवनपूर्णाहुति कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा स्नान होगा।

### पेंशनर समाज की बैठक 5 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर की तहसील शाखा डौण्डीलोहारा एवं मार्री बंगला देवरी की संयुक्त बैठक 5 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कृषि पेंशनर भवन में रखी गई है। इस बैठक में नये सत्र 2024 की सदस्यता ग्रहण करने, सन 2023 की आय-व्यय का हिसाब, जिला एवं खंड की सदस्य संख्या की जानकारी प्रदान की जाएगी। इस वर्ष की जिला पेंशनर सम्मेलन गुरूर एवं प्रांतीय सम्मेलन रायपुर की जानकारी दी जाएगी एवं समीक्षा की जाएगी। सन 2024 में पेंशनरों की बैठक कहाँ-कहाँ होगी, इस पर चर्चा की जाएगी। नव निर्माण पेंशनर भवन के संबंध में चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष सिया राम शार्वा ने नव वर्ष 2024 की बधाई देते हुए बैठक में समस्त पेंशनर साथियों एवं बहनों से शामिल होने का आग्रह किया है।

### छड़ चोरी के मामले में 2 नाबालिग सहित 5 पकड़ाए

**बालोद।** ग्राम जमरूवा में हुए लोहे की छड़ चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस को 2 नाबालिग सहित 5 चोरों को पकड़ने में सफलता मिली है। चोरों ने चोरी की हुई छड़ को नाला और तालाब में छुपा कर रखा हुआ था। पकड़े गए सभी चोर ग्राम जमरूवा के ही रहने वाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोरी के छड़ को सभी चोर आपस में बंटवारा कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और सभी चोरों को चोरी के छड़ के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार इंदु सिन्हा पति राजकुमार सिन्हा जो कि ग्राम जमरूवा की सरपंच हैं, उन्होंने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य के लिए 06 बंडल लोहे की रॉड को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं।

# अतिक्रमणकारियों की खुलेआम दबंगई, श्मशान व दैहान की शासकीय भूमि भी नहीं छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

प्रदेश में सरकार बदलते ही अतिक्रमणकारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई देखने को मिली है। सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाया गया है। इसके विपरीत ग्राम पंचायत मुरता में अतिक्रमण के मामलों में तेजी आई है। पिछले पखवाड़े भर में ही गांव के हृदय स्थल (मां मांवली मंदिर के आसपास) से लेकर बंजर जमीनों को गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। ग्राम मुरता में सरकारी जमीन पर कब्ज़ा करने की होड़ मची हुई है। मुरता से कामता जाने वाले रास्ते के दोनों ओर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों ने कब्ज़ा कर लिया है।

■ कब्जाधारियों के प्रति जिम्मेदारों ने आंख-कान किया बंद

**मंदिर के आसपास भी कब्जा :** इसी तरह गांव के श्मशान और दैहान भी अतिक्रमण का भेंट चढ़ चुका है। अब गांव के हृदय स्थल मां मांवली मंदिर के आस-पास और हटवारा को भी अतिक्रमणकारियों ने कब्ज़ा करना शुरू कर दिया। इन अतिक्रमणकारियों के हौंसले इतने बुलंद है कि दिनदहाड़े सरकारी जमीन को हथियाने में लगे है। गांव में चारों तरफ अतिक्रमण हो रहा है, लेकिन जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। जिम्मेदारों के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है।

## मुरता से कामता जाने वाले मार्ग के दोनों ओर बेजा कब्जे से ग्रामीण बेहाल

### पौधारोपण के ऊपर किया कब्जा

बता दें कि मां मांवली मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए आसपास के घूरवा को पाट कर समतलीकरण किया गया था। उक्त भूमि में गांव के युवाओं ने पौधारोपण भी किया था। लेकिन अब इस जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है। युवाओं ने मंदिर की भव्यता का सपना देखा था जो अब चकनाचूर होते नजर आ रहा है। पूरे मामले पर जिम्मेदारों ने मुंह मोड़ लिया है। कार्रवाई नहीं होने के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।



### 26 लोगों से छुड़ाया था 31 एकड़ सरकारी जमीन

विदित हो कि 4 जनवरी 2021 को तत्कालीन नवागढ़ तहसीलदार रेणुका रात्रे ने 31 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया था। इस दौरान वर्ष 2020 के पंचायत चुनाव (आचार संहिता) के दौरान निर्मित पक्के मकान को भी तोड़ा गया था। तहसीलदार ने कुल 26 अतिक्रमणकारियों से 31 एकड़ शासकीय भूमि को खाली कराया था।

## बैठक में व्यापारी संघ, राईस मिलर्स एसोसिएशन, ट्रक, बस चालकों को किया गया शामिल

# सीएम के निर्देश के बाद कलेक्टर-एसपी ने ली ट्रांसपोर्टरों-पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आम जनता को आवश्यक वस्तुओं की किसी तरह की किल्लत न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी जिलों के कलेक्टर-एसपी को निर्देशित किया है।

■ हिट एंड रन कानून की दी विस्तृत जानकारी, भ्रामक खबरों से बचने की अपील

**कलेक्टर ने बुलाई संयुक्त बैठक :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के वर्चुअल वीडियो कॉन्फ्रेंस के तुरंत बाद कलेक्टर एवं जिला दंडधिकारी पी.एस.एल्मा व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बेमेतरा जिले के समस्त परिवहन संघ के अध्यक्ष, ड्राइवरों, ट्रक परिवहन, पेट्रोल पंप, राइस मिलर्स, व्यापारी संघ के अध्यक्षों की संयुक्त बैठक बुलाई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री एल्मा ने आये हुये समस्त संघ के अध्यक्षों क़ो हिट एंड रन कानून के बारे में विस्तार से बताया और कहा की यह कानून आपके, मेरे और सभी के लिए है। इस कानून के आने से सड़कों पर सभी लोग सुरक्षित रहेंगे । उन्होंने कहा की अगर सड़क पर दुर्घटना हो भी जाती है तो घायल क़ो अस्पताल ले जाएं या फिर सबसे पास वाले पुलिस स्टेशन में इसकी सूचना दें, ताकि सभी सुरक्षित रह सकें ।



**आवश्यक वस्तुओं के परिवहन पर रखें सतत निगाह :** जिलाधीश ने परिवहनकर्ताओं द्वारा की जा रही आकस्मिक हड़ताल के मद्देनजर राज्य में पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी सहित अन्य जरूरी वस्तुओं का परिवहन सतत जारी रखने एवं आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही यह भी कहा कि राज्य में संचालित पेट्रोलियम-डीजल डिपो तथा एलपीजी डिपो में वाहनों के प्रवेश तथा निकासी में राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अमले की ड्यूटी लगाई जाए ताकि किसी भी प्रकार का व्यवधान ना किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रदेश के किसी भी जिले में पेट्रोलियम-डीजल तथा एलपीजी सेवा वाहनों का परिवहन बाधित न हो। उन्होंने सभी टोल नाकों-चौकी में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही पेट्रोल-डीजल, घरेलू एलपीजी की सुचारू उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के लिए ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय निगरानी दल गठित करने के निर्देश भी दिए हैं।


**भ्रामक प्रचार-प्रसार पर होगी कानूनी कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक :** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा की हिट एंड रन कानून के आने से बहोत सारे सोशल प्लेटफार्म पर भ्रामक प्रचार प्रसार हो रहा हैं ऐसे लोगों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा की इस कानून के आने से जो वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हैं उस पर लगाम लगेगा और वह धीरे वाहन चलाएंगे। जिससे दुर्घटना होने की स्थिति बहोत कम होगी। उन्होंने बताया की यदि आहत व्यक्ति क़ो वाहन चालक उसी स्थान पर छोड़कर चला जाता हैं तो उस पर 7 लाख रूपये ▶▶ शेष पेज 11 पर

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

जिलाधीश ने कहा कि जनता को आवश्यक वस्तुओं की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। आम लोगों तक इसकी सही जानकारी पहुंचे और भ्रामक खबरें न फैले। अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी । जिला प्रशासन जिले में पेट्रोल, डीजल, दवाइयां, फल, सब्जी, अनाज की उपलब्धता की जानकारी ले रही हैं और इसकी सतत आपूर्ति कर रही है। ताकि आम जन मानस क़ो किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो । उन्होंने संघ के लोगों क़ो विश्वास दिलाया की यह कानून सबके लिए सुरक्षित कानून है। इसके सड़कों पर होने वाली आकस्मिक घटनाओं से मुक्ति मिलेगी। सभी ड्राइवर धीरे और सेफ वाहन चलाएंगे और जो लोग एलकोहल पीकर वाहन चलाते हैं, उन पर भी रोक लगेगी। उन्होंने समझाईस दी की इस कानून के आने से कोई लापरवाही पूर्वक वाहन नहीं चलाएगा और किसी कारणवस दुर्घटना हो भी जाती हैं तो वाहन चालक उस आहात व्यक्ति की तुरंत अस्पताल पहुंचाएगा । कलेक्टर ने आये हुये संघ के अध्यक्षों से कहा की आप केंद्र सरकार तक अपनी बात रखना चाहते हैं तो आवेदन प्रारूप जिला प्रशासन क़ो ज्ञापन दे सकते हैं। जिसे जिला प्रशासन नियमानुसार कारवाही करते हुये आगे बढ़ायेगी। उन्होंने जिला अधिकारीयों से कहा कि सभी स्टाकहोल्डरों से बात करें और देखें कि कहीं जमाखोरी तो नहीं हो रही।

# जिले में कोराना ने दी दस्तक, दो बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव

■ दो बच्चों के एंटीजन टेस्ट से हुआ खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

लंबे समय के बाद एक बार फिर से कोरोना के बढ़ते मामले डराने लगे हैं। इससे जिला भी अब अछूता नहीं रहा, जिले में कोरोना के दो नए मामले सामने आए हैं। इसमें पिपरभट्ठा के दो बच्चों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इनमें से एक 7 वर्षीय बालक व 4 वर्ष की बालिका शामिल है। दोनों बच्चों के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि सर्दी-जुकाम के लक्षण दिखाई देने पर हुए एंटीजन टेस्ट से हुई है। हालांकि दोनों को मामूली सर्दी-जुकाम है, फिलहाल दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें होम आइसोलेशन पर रखा गया है।

मंगलवार को जिले में कोरोना की दस्तक से हड़कंप मचा हुआ है। वर्ष का यह कोरोना संक्रमण का पहला मामला है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सर्दी, जुकाम एवं बुखार वाले मरीजों की टेस्टिंग बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया है। सीएमएचओ डॉ. जे. टण्डन ने बताया कि जिले में कोविड के दो नए सक्रिय मामले सामने आए हैं, लेकिन विभाग की ओर से एहतियात के तौर पर पूरे प्रबंध किए जा रहे हैं। इसलिए बेमेतरा के लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि प्रशासन किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि विश्व सेहत संस्था की ओर से भी ▶▶ शेष पेज 11 पर

# यात्री बसों के पहिए थमे हजारों यात्री हो रहे बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट

केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए हिट एंड रन कानून में बदलाव किया जा रहा है। जिसके विरोध में दूसरे दिन भी बस-ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर है। जिसका सीधे असर ग्रामीणों क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। ड्राइवरों की हड़ताल से यात्री बसों के पहिए भी थम गए हैं। सामान्य दिनों में भीड़-भाड़ रहने वाले नांदघाट बस स्टैंड में वीरानी छाई हुई है। बसें नहीं चलने के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों के सामना करना पड़ रहा है। लोग निजी वाहनों से सफर करते दिखाई दिए तो वहीं यात्री बस के भरोसे रहने वाले स्कूल व कॉलेजों के स्टूडेंट्स अपनी गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, वहीं कर्मचारियों को भी खासी परेशानी हुई।

■ हमेशा आबाद रहने वाला नांदघाट बस स्टैंड हुआ वीरान



**हजारों यात्री बेहाल :** यात्री बस सेवा से जुड़े नांदघाट के संतोष ठाकुर ने बताया कि नांदघाट से दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, तखतपुर, बेमेतरा, भाटापारा, मुंगेली जाने के लिए प्रतिदिन 80 से 100 बसें रोजाना चलती है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग यात्रा करते हैं, उन्हें परेशानी हो रही है। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े नांदघाट के ही संदीप वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार को बिना ट्रक ड्राइवरों की सहमति के कानून नहीं बनाना चाहिए। दुर्घटना से मृत्यु पर 10 लाख का जुर्माना और सात साल की सजा का कानून गलत है। केंद्र सरकार इसे जल्द ही वापस ले।

### ये है नया कानून

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए 'हिट एंड रन' कानून में बदलाव किया जा रहा है। ड्राइवर इस कानून को लाने का विरोध कर रहे हैं। इंडियन पीनल कोड, 2023 में हुए संशोधन के बाद एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

वीडियो कान्फ्रेंस में कलेक्टर एसपी को दिया निर्देश

# सीएम की दो टूक, आवश्यक वस्तुओं की न हो किल्लत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक में प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय से जुड़े। वीसी के माध्यम से उन्होंने ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिया साथ ही ज़िले में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रखने हेतु पुलिस प्रशासन क़ो भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा की उचित क़ानून व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में सीधे कलेक्टर-एसपी की ज़िम्मेदारी तय की जाएगी । मुख्यमंत्री श्री साय ने भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर रोक लगाने क़ो कहा और जनता तक सही जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही अफ़वाह फैलाने वाले तत्वों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर कलेक्टर पी.एस.एल्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर डा.अनिल वाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल उपस्थित थे।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# लंबित आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा, गांव में लगाए जा रहे शिविरों, हितग्राहियों को मिलने वाले लाभ आदि की जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने अधिकारीयों से कहा सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। उज्ज्वला योजना के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन करें। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं, इसलिए उनकी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहें। विशेषकर बिजली, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण करें।

बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व इस वर्ष भी जिले में भव्य ढंग से मनाया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का कार्य विभाजन किया जाए। मुख्य समारोह बेसिक स्कूल मैदान में किया जायेगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या एवं 26 जनवरी की रात्रि जिले के सभी शासकीय/सार्वजनिक भवनों, राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जावेगी। उन्होंने कहा कि चूंकि कार्यक्रम भव्य होगा, इसलिए परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अच्छे से होना हैं। इस बार गणतंत्र दिवस के समारोह में पूरी जनता को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। अतः ग्राउंड के बाहर व अंदर की सभी व्यवस्थाएं बेहतर रूप से सुनिश्चित हों।



### कोरोना के लिए बरतें सावधानी

जिलाधीश ने कहा की कोरोना को देखते हुए समारोह में विशेष सावधानी बरतने के साथ ही मास्क पहनना, सामाजिक दूरी आदि का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। समारोह स्थल में रंगीन गुब्बारे भी व शांति का प्रतीक स्वेत कबूतर उड़ाए जायेंगे। जिलाधीश ने बैठक में लंबित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा तथा उनके विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में स्लम पट्टों पर भूमि स्वामी अधिकार संबंधित आवेदनों का निराकरण, शासकीय भूमि का आवंटन, व्यवस्थापन, निकायों की सम्पत्ति विक्रय से प्राप्त आय की स्थिति, नजूल भूमि का आवंटन/व्यवस्थापन, अवैध निर्माण का नियमितिकरण, आवासीय भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियों का नियमितिकरण आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में अपर कलेक्टर द्वेय डा. अनिल वाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, संयुक्त कलेक्टर उमा शंकर बंदे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह, विश्वास राव मस्के, भूपेंद्र जोशी, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम व चारों ब्लॉक के जनपद सी.ई.ओ. सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरटीओ कार्यालय में हो वाहनों की फिटनेस जांच

**बालोद ।** जिले के ट्रक मालिक जिले के आरटीओ कार्यालय में वाहनों का फिटनेस कार्य पुनः आरंभ कराने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उम्मीद लगाए बैठे हैं, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं परिवहन मंत्री भी हैं। ट्रक परिवहन संघ द्वारा बालोद जिला के आरटीओ कार्यालय में पुनः पंजीकृत वाहनों का फिटनेस कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है। इसके साथ ही सात अलग अलग बिंदुओं पर भी संघ ने मांग की है। ट्रक परिवहन संघ अध्यक्ष मनोज चांडक ने बताया कि अभी बालोद के वाहन मालिक को इस कार्य के लिए दूसरे जिला के आरटीओ कार्यालय पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे वाहन मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान के साथ अधिक समय भी लग रहा है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# पीएम आवास के लिए गांव में लगेगा शिविर, पात्रों का होगा चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास दिए जाने की घोषणा के बाद जिला प्रशासन द्वारा कवायद शुरू कर दी गई है। जिसके तहत आगामी तीन से पांच जनवरी तक जिले के गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां हितग्राहियों से आवेदन लेकर सूची तैयार की जाएगी।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लंबित 18 लाख आवास स्वीकृति हेतु प्रथम मंत्रीपरिषद की बैठक में लिए गये निर्णय अनुसार 18 लाख प्रधानमंत्री आवास हेतु स्वीकृती प्रदाय की गई है। जिले के सभी जनपदों में पात्र हितग्राहियों की सूची अनुसार आवास स्वीकृत कर समय-सीमा में पूर्ण किया जायेगा। शासन के निर्देश कि परिपालन में योजनांतर्गत जिले में आवास प्लस सूची के 8 लाख 19 हजार 999 हितग्राहियों का पात्रता परीक्षण किया जाना है। इसके लिए ग्राम पंचायत में 3 जनवरी से 5 जनवरी 2024 तक विशेष ग्राम सभा आयोजित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के आवास साफ्ट पोर्टल में जनपद पंचायत के लॉगिन आईडी पर सर्वेक्षित परिवारों की सूची उपलब्ध है।

## हितग्राहियों के पात्रता परीक्षण के संबंध में विशेष ग्रामसभा

### पुरानी सूची से किया जाएगा मिलान

राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार आवास साफ्ट की सूची में से विशेष ग्रामसभा की बैठक में योजनांतर्गत आवास स्वीकृत करने के लिए हितग्राहियों की पात्रता की निर्धारण किया जाना है। विशेष ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सूची में शामिल परिवारों में से ही संबंधित हितग्राही का पात्रता परीक्षण किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप ग्रामसभा में कार्यवाही सम्पन्न होगा।




### विशेष ग्राम सभा में पात्रता परीक्षण

जिले के जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा, पाटन के जनपद सीईओ को अधीन ग्राम पंचायतों में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि में विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर ग्रामसभा में पात्रता परीक्षण पश्चात हितग्राहियों की ग्राम पंचायतवार पात्रता सूची जनपद पंचायत स्तर पर संधारित करने कहा गया है। साथ ही जनपद पंचायत अंतर्गत आयोजित ग्रामसभा में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

## खबर संक्षेप



### संकल्प यात्रा के दौरान मच्छरदानी वितरित

**दुर्ग।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वेक्टर जनित रोगों मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया, जापानी इंफेलाईटीस रोगों के रोकथाम हेतु राज्य से निःशुल्क प्रदाय दीर्घकालिक दवा लेपित वाहक रोधी मच्छरदानी ग्रामीणों को वितरित किया गया। ग्राम उमरपोटी में 1 जनवरी को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने उक्त वितरण किया। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने पर ग्राम डुमरडीह एवं उमरपोटी के पटवारी को अभिनंदन पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ जेपी मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे, एमटीएस लक्की दुबे, विवेक कापरे, एसआईए एसके पटेरिया एसआईए कमल नारायण तिवारी प्रभारी एमआई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के बीईटीओ विक्रम रामटेके आरएचओ महिला-पुरूष एवं मितानिन, ग्रामीण जन समुदाय उपस्थित थे।

### फूलों से स्वागत कर राजस्व प्रकरणों की सुनवाई



**दुर्ग।** नए वर्ष का स्वागत अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने अपने राजस्व न्यायालय में राजस्व संबंधी कार्यों के निपटारे के लिए आए हुए पक्षकारों, ग्रामीणों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता व शुभकामनाएं देकर किया। उत्साह के वातावरण में आम जनता की समस्याओं को सुनकर निराकरण की कार्यवाही की। समस्या के निदान हेतु आए लोगों की बातों को गंभीरता से सुनकर त्वरित गति से समाधान की कार्यवाही की गई। अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया की वे प्रतिवर्ष नए वर्ष का स्वागत कुछ इसी तरह से शुरुवात करते है। लोगों की समस्याओं का निराकरण अपने न्यायालय में खुशनुमा अंदाज में, सौम्य वातावरण में करने में मजा आता है। पक्षकार न्यायालय से खुश होकर संतुष्ट होकर जाते है तो आत्मिक संतुष्टि मिलती है।

### बाल दिवस पर बच्चों को दिए सुसंस्कार



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में बालसंस्कार विभाग द्वारा संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में बाल दिवस पर सुसंस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे तुलसी पूजन भी कराया गया। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## विभाग की सख्ती : अर्थदण्ड एवं संस्था का संचालन किया बंद

# एक्ट का उल्लंघन, चार संस्थान सील, लगा 20-20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में लगातार कार्यवाही के बाद भी निजी क्लीनिक संचालक बगैर लाइसेंस अस्पतालों के संचालन से बाज नही आ रहे है। सोमवार को विभाग की टीम द्वारा चार निजी हास्पिटल में छापामार कार्यवाही कर संचालन बंद कराया गया। चारों अस्पताल संचालकों के पास लाइसेंस नही पाया गया।

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने श्रीमन डायग्नोस्टिक सेंटर पावर हाउस भिलाई, डॉ. रीता चाबा क्लीनिक पावर हाउस भिलाई, सांई मेडिकल स्टोर्स डॉ ज्ञानेश मिश्रा न्यू बसंत टॉकिज के पास सुपेला भिलाई एवं एसबीएस हॉस्पिटल विजय कॉम्प्लेक्स केम्प-2 पावर हाउस भिलाई सहित चार संस्थाओं के संचालकों को नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करते पाये जाने पर नर्सिंग होम एक्ट की धारा 12 (क) (1) के तहत 20-20 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है। साथ ही उन्होंने लायसेंस प्राप्त होने तक उक्त चारों संस्थाओं का संचालन बंद रखना निर्देशित किया है।

## निजी अस्पतालों में लगातार कार्रवाई से मचा हड़कंप




### पांच दिन के अंदर देनी होगी राशि

इसी प्रकार डॉ. रीता चाबा क्लीनिक पावर हाउस भिलाई, श्री साई मेडिकल स्टोर्स एवं श्रीमन डायग्नोस्टिक सेंटर लैब अंतर्गत डॉ सुमन राव क्लीनिक सहित तीनों संस्थाओं का संचालन बिना नर्सिंग होम एक्ट लायसेंस के किया जाना पाया गया, जो कि नर्सिंग होम एक्ट 2010 व 2013 का उल्लंघन है। दण्डित जुर्माना राशि नोटिस जारी होने के 5 दिन के भीतर जमा करने निर्देश दिए गए है।

### हास्पिटल से डायरेक्टर गायब

प्रावधानों के परिपालन हेतु गठित जॉच दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें निरीक्षण के दौरान एस.बी.एस. हॉस्पिटल में मेडिकल डॉयरेक्टर की उपलब्धता नही पाई गयी एवं उससे संबंधित दस्तावेज संस्था संचालक द्वारा जांच दल को उपलब्ध नहीं कराया गया। चिकित्सकीय संस्थान में केवल 1 एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति पाई गयी, जबकि 20 बेड हॉस्पिटल संचालन हेतु मानक रूप से 3 एमबीबीएस डॉक्टर अनिवार्य है।

### लाइसेंस नहीं और फार्मासिस्ट का अभाव

नगर पालिका निगम भिलाई द्वारा जारी संबंधित संस्था को अनुज्ञप्ति लायसेंस की वैधता समाप्त होना पाया गया, अस्पताल परिसर में उपलब्ध फार्मेसी में फार्मासिस्ट का आभाव पाया गया, एक्स-रे टेक्नीशियन नहीं पाया गया, महिला एवं पुरूष मरीजों के लिए पृथक-पृथक वाशरूम नहीं पाया गया, आईसीयू में कार्यरत स्टॉफ एवं अस्पताल में कार्यरत अन्य स्टाफ निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप नहीं पाये गये।

# थनौद में दो साल से जला रहे कचरा, प्रदूषण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर अपर कलेक्टर गोकुल रावटे ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 65 आवेदन प्राप्त हुए।

■ जनदर्शन में प्राप्त हुए 65 आवेदन

ढौर निवासीयों ने एसीसी सीमेंट मैनेजमेंट के द्वारा नाला में एक पूल बांध दिया गया है। जिससे किसानों का फसल खराब होने की संभावना है। एसीसी को बार.बार निवेदन करने पर भी उनके द्वारा तोड़ा नहीं जा रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने ग्रामवासियों को उचित कार्यवाही का अश्वासन दिया।

थनौद निवासी ने बताया कि पिछले 2 वर्ष पूर्व से कचरा लाकर उनको जला दिया जाता है जिससे वायु प्रदुषण से बिमारी फैलने की आशंका को लेकर आवेदक जनदर्शन पहुंचा। इस पर अपर कलेक्टर ने सीइओ जनपद पंचायत को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है।

## हड़ताल से स्कूलों में नहीं बना मध्यान्ह भोजन

**दुर्ग।** मध्यान भोजन रसाईयां संघ के अनिश्चितकालीन हडताल के कारण सोमवार को जिलेभर के स्कूलों में बच्चों को भोजन नसीब नही हो पाया। हांलाकि कुछ स्कूलों में व्यवस्था की गई थी। लेकिन जिले के अधिकांश स्कूलों में मध्यान भोजन नही बनने के कारण बच्चों को भूखे पेट घर लौटना पड गया।

उल्लेखनीय हैं कि, जिले में 2212 रसोईयों ने हडताल पर चले गए है। उन्हें पिछले चार माह का मानदेय जारी नही किया गया है।

इस संबंध में संघ ने पहले ही राज्य से लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर हडताल की जानकारी दी थी। सोमवार से हडताल का असर जिले के सभी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में देखने को मिला। जिले में 632 प्राथमिक और 382 मिडिल स्कूलों में मध्यान भोजन नही बनने से एक लाख पन्द्रह हजार बच्चे प्रभावित हुए है।

## संजय गर्ग बनाए गए छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के सचिव

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल द्वारा घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में दुर्ग से संजय गर्ग को प्रदेश सचिव का दायित्व दिया गया। रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स द्वारा एकत्रित सुगंधित 300 मेट्रिक टन चावल भगवान राम के ननिहाल से अयोध्या के लिए रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय, कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, समाजसेवी सुनील रामदास अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ के राइस मिलर्स प्रमुख रूप से उपस्थित थे। राइस मिलर्स के द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा गया।

# जैविक विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है -डॉ. लता मेश्राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्य ास्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया।

■ जैव विविधता दिवस मनाया

प्राणी षास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लता मेश्राम ने बताया कि इस दिवस के अंतर्गत भूमि संरक्षण, सूखा, पानी एवं साफ-सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य तथा जलवायु में परिवर्तन, खाद्य पदार्थों की सुरक्षा आदि के सतत विकास में जैव विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जैविक विविधता भविष्य की पीढ़ियों के लिये सक्रिय मूल्य की वैष्विक संपत्ति है। मानवीय गतिविधियों के कारण प्रजातियों की संख्या में कमी आ रही है। इसलिए लोगों में जागरूकता लाने यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विभाग के द्वारा पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान पर कु. धनेश्वरी मंडावी एवं कु. साक्षी बंजारे द्वितीय स्थान पर कु. दिव्या निर्मलकर एवं कु. रिया साहू तथा तृतीय स्थान पर कु. नितिक्षागवनी एवं कु. रेणुका यादव रही। सांत्वना पुरूस्कार कु. निषा साहू रहीं।



# विधायक व आयुक्त ने स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नये वर्ष की पहली सुबह 60 वार्डो के अंतर्गत गली-मोहल्लों में सुबह घर के सामने पहुँची वार्डों के नागरिकों ने उन्हें फूल देकर सम्मानित किया। स्वच्छता दीदीयों के सम्मान में नववर्ष की पहली सुबह स्वच्छता दीदीयों का फूल देकर सैकड़ो से अधिक परिवारों ने सम्मानित किया। शहर के वार्डों के पार्षदों व नागरिकों ने शाल, श्रीफल व फूल देकर सम्मान किया। इसके लिये सफाई दीदीयों ने नागरिकों का आभार माना। विधायक गजेंद्र यादव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, अब्दुल गनी, दीपक साहू, जयश्री जोशी, मनदीप सिंह भाटिया, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, अजीत वैध, अरुण सिंह,शिवेंद्र परिहार, बिजेंद्र भारद्वाज, राकेश सेन, काशीराम कोसरे, काशीराम रात्रे, नजहत परवीन, बृजलाल पटेल, मनीष साहू, श्रद्धा सोनी एवं जनप्रतिनिधियों व सहायक अभियंता आरके पलिया, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अधिकारियों ने भी सम्मान किया।

■ स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

# गर्ल्स कॉलेज में वीर बालदिवस का आयोजन, हुई प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ॠचा ठाकुर ने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई

संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. सुशीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि आज के दिन वीर सपूतों के बलिदान से नई पीढ़ी को अवगत कराना मूल उद्देश्य है ताकि वे ऐसे भारत के वीरों से प्रेरणा ले सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिष्चित कर सकें।वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने गुरू गोविद सिंह द्वारा स्थापित खालसा पंथ और उनके पुत्रों द्वारा दिये गये बलिदान पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर छात्रा कु. प्रेक्षा यादव ने बाबा जोरावर सिंह तथा बाबा फतहसिंह के बलिदान की गाथा बतायी। कु. आर्या अवस्थी ने कविता के साथ भाषण की शुरूआत की एवं कहा कि धार्मिक राष्ट्रवाद से संप्रभुता स्थापित है और फिर देश के लिए बलिदान की भावना जागृत होती है। कु. सुषमा एवंकु. वेतिका ने भी वीर बालकों की शहादत पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई।

## गेहूं की फसल में नैनो यूरिया व डीएपी के छिड़काव का किया प्रचार-प्रसार

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि एवं किसान कल्याणए मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न केन्द्र परिवर्तित योजनाओं के आवरण में हितग्राहियों को सम्मिलित करने एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का जिले में क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के कृषकों को विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित किये जाने के साथ-साथ नैनो उर्वरक का विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कृषकों के प्रक्षेत्रों पर ड्रोन के उपयोग से प्रायोगिक प्रदर्शन आयोजित कर नैनो उर्वरक का उपयोग कराकर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाना है।

■ कृषकों के प्रक्षेत्रों पर ड्रोन के उपयोग की प्रदर्शनी

इसी कड़ी में ग्राम बोरई विकासखण्ड दुर्ग में ड्रोन के माध्यम से गेंहू फसल में नैनो यूरिया एवं डीएपी का छिड़काव जीवंत प्रदर्शन आयोजित कर कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एसके थापक वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा, ओपीभट्ट कृषि विकास अधिकारी, व्हीसजिल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, श्रीमति भाना बाई जनपद सदस्य, श्रीमति पदमा साहू सरपंच, कृषक झावेन्द्र भूषण, दीपक यादव, लोचन सिन्हा, भोपाल साहू, परमान्द यादव एवं अन्य 30 कृषकगण के साथ-साथ कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।



### कृषकों को दी जानकारी


कृषक झावेन्द्र भूषण द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में नव निर्वाचित विधायक ललित चन्द्राकर के उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत बोरई में कृषकों की आय दुगुनी एवं उत्पाद समर्थन मूल्य बढाये जाने व फसलों में लगने वाली लागत को कम करनें के संबंध में कथन बताया। कृषक लोचन सिन्हा द्वारा स्वायल हेल्थ कार्ड योजना अंतर्गत उनके खेतों का मिट्टी जांच से उस पर लगने वाली लागत, अच्छी उत्पादकता के लिए क्या-क्या करना चाहिए तथा संतुलित उपज प्राप्त करने के संबंध में बात ही। कृषक तोमन साहू प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित है जिन्होनें योजना के बारे में अपना अनुभव व्यक्त किये।

### मेरी कहानी, मेरी जुबानी

ललित मोहन भगत उप संचालक कृषि ने बताया कि अबतक जिले में 161 ग्रामों में शिविर का आयोजन हो चुका है जिसमें 15419 कृषकों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। वही 961 कृषकों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभ का व्याख्यान, 115 कृषक ने प्राकृतिक खेती का व्याख्यान, 91 कृषक स्वायल हेल्थ कार्ड का व्याख्यान कर मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत अपना अनुभव अन्य कृषकों के समक्ष प्रस्तुत किया है साथ ही मैदानी अधिकारियों को 43 कृषक किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुये है।

# नगपुरा तीर्थ की 29 वीं सालगिरह पर शामिल होंगे राज्यपाल बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



श्री उवसगहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा के प्रतिष्ठा की 29 वी सालगिरह तीर्थ प्रतिष्ठा वर्षगांठ उत्सव अंतर्गत तीर्थ परिसर में वृहद स्तर पर नवनिर्मित श्री पार्श्व गौ सेवालय, गौशाला, जीव मैत्रीधाम के उद्घाटन हेतु तीर्थ के अध्यक्ष गजराज पगारिया, ट्रस्टी भीखमचंद कोठारी, स्स्सी मूलचंद जैन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल गर्वनर रमेश बैस से मुलाकात कर आमंत्रण पत्र सौपा।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल रमेश बैस तीर्थ के विभिन्न प्रसंगों पर अपनी उपस्थिति प्रदान किए। तीर्थ ट्रस्ट मंडल के अनुरोध को सहर्ष स्वीकारते हुए राज्यपाल ने श्री पार्श्व गौ सेवालय, गौशाला के उद्घाटन हेतु माघसुदी षष्ठमी गुरुवार 15 फरवरी को अपनी उपस्थिति के लिए स्वीकृति प्रदान किए।

## खबर संक्षेप



### प्रयास बालिका स्कूल में लोकनाट्य का मंचन

**रायपुर।** प्रयास बालिका आवासीय स्कूल गुढ़ियारी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को लोकनाट्य दशमत का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक, निर्देशक एवं गीतकार-संगीतकार राकेश तिवारी हैं। विद्यालय की प्राचार्या मंजुला तिवारी ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस नाटक में सुदामा शर्मा, मीना विश्वकर्मा, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, घनश्याम वर्मा, उत्तम ठाकुर, हेमलाल पटेल, सुमित तिवारी, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, मनीष लदेर, मोहन साहू एवं महेश कौशिक शामिल रहे।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी छह हजार रुपए सहित 94 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक परसूलीडीह निवासी डोमन लाल सिन्हा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डोमन लाल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर में प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी तथा जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### सिगरेट नहीं देने पर राड से किया हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ राड से हमला करने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राकेश सोनकर ने रोहित, राहुल तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने पुलिस को बताया कि वह रास्ते में सिगरेट पीने के लिए रुका था, इसी दौरान रोहित तथा उसके अन्य साथी ने राकेश से सिगरेट की मांग की। इनकार किया तो बदमाशों ने राकेश के साथ मारपीट की।

### होटल के पास घूमने से मना करने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी मनोज पाल ने महेंद्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट कर चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उसके साथी साहू होटल के पास घूम रहे थे, तब उसने उन लोगों को होटल के पास घूमने से मना किया तो उन्होंने मनोज के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

### राज को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने राज वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने बस्तर के गोंड जनजाति के पारंपरिक कला का दस्तावेजीकरण पर शोध किया। प्रो. जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने यह शोध पूर्ण किया है। वैज्ञानिक जांच के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की कोशिश इस शोध के जरिए की गई है।

# कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने की मोहलत खत्म, डेढ़ सौ मिलर्स ने नहीं लौटाए 17 हजार टन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग करने वाले मिलरों को चावल जमा करने के लिए 31 दिसंबर तक दी गई मोहलत खत्म हो गई है, लेकिन अभी भी करीब 17 हजार टन चावल मिलरों से लेना बाकी है। बताया गया है कि वसूली के लिए मिलरों के बिल से एडजेस्ट किया जाएगा या विधिवत वसूली की जाएगी।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने के बाद, धान का एक बड़ा हिस्सा मिलरों को चावल बनाने के लिए दिया जाता है। यह चावल राज्य पूल के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में जमा कराया जाता है। अभी जिन मिलरों से जो बकाया चावल लेना है, वह पिछले खरीफ सीजन का है। खाद्य विभाग के सूत्रों के अनुसार जिन मिलरों ने चावल जमा नहीं कराया है, उनकी संख्या डेढ़ सौ से अधिक है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि चावल की जितनी मात्रा बची है, वह बहुत अधिक नहीं है। मिलरों से बकाया चावल की वसूली करने उनके कस्टम मिलिंग के बिलों से राशि काटी जाएगी। इसके अलावा भी विधिवत प्रावधान के मुताबिक वसूली की जाएगी।

## प्रदेशभर में धान खरीदी में भी आई तेजी, सोमवार को आया 3 लाख 23 हजार टन

### उसना चावल मिलिंग के लिए कोटा जारी

छत्तीसगढ़ से चालू खरीफ सीजन में केंद्र सरकार 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेगी। केंद्र ने यह अनुमति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष आग्रह पर दी है। इससे पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कई बार केंद्र से आग्रह किया गया कि राज्य से उसना चावल लिया जाए, लेकिन केंद्र ने अनुमति नहीं दी थी। अब बताया गया है कि 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल तैयार करने के लिए उसना मिलरों को धान दिया जा रहा है। हर जिले के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खाद्य अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द ही सेंट्रल पूल के लिए उसना चावल जमा करने का काम शुरू हो जाएगा।



### धान खरीदी की रफ्तार हुई तेज

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दो महीने बीतने के बाद अब धान बेचने की रफ्तार बढ़ी है। सोमवार रात तक की स्थिति में इस दिन 78 हजार 663 किसानों ने 3 लाख 23 हजार 79 मीट्रिक टन धान बेचा है। अब तक उपार्जन केंद्रों में कुल मिलाकर 67 लाख 34 हजार 885 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। बाद में भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया। जानकारों का कहना है कि अब धान की आवक 155 लाख मीट्रिक टन तक हो सकती है।

### पैट सीटी सहित पुरानी हो चुकी जांच मशीनों की ली जानकारी

# मंत्री पहुंचे अस्पताल, पुरानी मशीनों की ली जानकारी, खरीदी सिस्टम में होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुबह मंत्रालय में चार्ज लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शाम आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। विभिन्न विभागों का दौरा करने के बाद उन्होंने मरीजों और चिकित्सकों से चर्चा की। उपचार व्यवस्था में कसावट लाने के साथ उन्होंने कैंसर विभाग की विवादित पैट सीटी सहित अस्पताल में काफी पुरानी हो चुकी जांच मशीनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अगले एक साल में खामियों को दूर करने का आश्वासन भी दिया।

- जांच सुविधा और समय पर रिपोर्ट प्रदान करने के निर्देश

स्वास्थ्य मंत्री सोमवार की शाम अचानक आंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट, नेत्र रोग विभाग, सर्जरी विभाग के बाद कैंसर विभाग में जाकर वहां मरीजों को उपचार के लिए दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान विभागाध्यक्ष डा. विवेक चौधरी से उन्होंने विवादों की वजह से शुरु नहीं हो पाई पैट सीटी के साथ अन्य पुरानी हो चुकी मशीनों के बारे में जानकारी ली। चिकित्सकों ने बैठक के दौरान यह भी बताया कि अस्पताल में प्रमुख जांच के लिए उपयोग की जाने वाली सारे मशीनें लगभग पुरानी हो चुकी है जिसकी वजह से जांच व्यवस्था आए दिन प्रभावित होती है। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि अगले एक साल में अस्पताल की सभी कमियों-खामियों को दूर कर लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। विशेषज्ञों, डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ की कमी दूर करने के साथ ही नए मेडिकल उपकरणों व मशीनों तथा दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारियों को इलाज और जांच की व्यवस्था में कसावट लाने के निर्देश दिए।



### व्यवस्था में बदलाव करेंगे

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) द्वारा अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरणों की खरीदी और आपूर्ति में तेजी लाने के लिए वर्तमान व्यवस्था में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। अत्यावश्यक दवाईयों और रिएजेंट्स की खरीदी के लिए मेडिकल कॉलेजों के डीन और संबद्ध अस्पतालों के अधीक्षकों को वित्तीय शक्तियां प्रदान करने की भी बात कही। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिजनों के रूकने के लिए आश्रय-गृह की व्यवस्था के लिए शीघ्र पहल करने पर जोर दिया।

### नए सेटअप की मांग

नेत्र रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान विभागाध्यक्ष ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विभाग को क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का दर्जा दिया गया है। उन्होंने इसके लिए पदों का नया सेट-अप स्वीकृत करने का आग्रह किया। रेटिना सर्जरी के लिए रेटिना विक्ट्रेक्टॉमी मशीन जल्द स्थापित कराने का अनुरोध किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने वहां उपलब्ध मशीनों के जरिए अपनी नेत्र जांच भी कराई। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डीन डॉ. तृप्ति नागरिया, मेडिकल अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक चौधरी, डॉ. प्रदीप चन्द्राकर और डॉ. संतोष सोनकर उपस्थित थे।

### सीएम बने निक्षय मित्र, कहा- टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं



टीबी के इलाज के दौरान मरीजों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी निक्षय मित्र बन चुके हैं। उन्होंने इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीबी मरीजों के इलाज के लिए आगे आने की अपील की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शामिल होने के दौरान उन्होंने लोगों को आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया। राज्य में इस यात्रा की शुरुआत 15 दिसंबर से की गई है और अब तक 3 हजार 242 कैंप लगाए जा चुके हैं। अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इन कैंपों में हितग्राहियों से मिलकर सिकलसेल कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड दिए गए एवं टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। अब तक इन शिविरों में 7 लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई है, साथ ही 1325 लोग निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आए हैं। इन शिविरों में 5 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई, साथ ही 4 लाख 99 हजार से अधिक की रक्तचाप जांच, 4 लाख 85 हजार की मधुमेह जांच, 2 लाख 88 हजार की सिकलसेल जांच एवं 59 हजार से अधिक की एनसीडी स्क्रीनिंग कर केस उच्च स्वास्थ्य संस्था को रेफर किए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक 54 हजार 459 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं एवं इन शिविरों में 1 लाख 80 हजार से अधिक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

# रविवि ने बदली समय सारिणी, प्रोफेशनल कोर्स संग हो रहा था टकराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने वर्ष की शुरुआत समय-सारिणी में बदलाव के साथ की है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर माह से शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं प्रारंभ होने के बाद बीच में यह बदलाव किया गया है। प्रोफेशनल कोर्स सीए फाउंडेशन और सीए सहित रविवि की डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम की तारीखें आपस में टकरा रही थीं। इसे देखते हुए छात्रों सहित कॉलेज प्रबंधन ने भी तिथियों में बदलाव की मांग की थी। डीसीए सहित अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने वाले छात्र इनके साथ-साथ डिग्री व प्रोफेशनल कोर्स की भी तैयारी करते हैं।



- सीए फाउंडेशन की परीक्षाओं संग टकरा रही थीं तारीखें, नई तिथियां जारी

संशोधित समय-सारिणी रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। तिथियों में बदलाव के बाद अब ये परीक्षएं लंबी चलेंगी। डीसीए की 10 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 23 जनवरी को होगी। वहीं एमएड द्वितीय सेमेस्टर की एटीकेटी की 22 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 29 जनवरी को होगी। सेंटर फॉर बेसिक साइंस की परीक्षा तिथियों में भी बदलाव किया गया है।

### आवेदन पांच तक

सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही रविवि वार्षिक परीक्षाओं की भी तैयारी कर रहा है। नियमित व स्वाध्यायी दोनों ही छात्रों के लिए आवेदन 15 दिसंबर से प्रारंभ कर दिए गए थे। छात्र 5 जनवरी तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छात्रों को विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का मौका 13 जनवरी तक मिलेगा। छात्रों को इस दौरान 100 रुपए विलंब शुल्क के रूप में देने होंगे। वार्षिक परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा तिथि माहांत अथवा फरवरी तक जारी होने की संभावना है।

### पौने तीन करोड़ कैश, ढाई करोड़ का सामान जब्त

# गुटखा पैकेजिंग कारोबारी के ठिकानों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गुटखा पैकेजिंग करने वाले एक कारोबारी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करते हुए कैश दो करोड़ 88 लाख रुपए तथा गुटखा पैक करने के काम आने वाले 2 करोड़ 60 लाख रुपए के पैकेजिंग आयटम्स जब्त किए हैं।

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक बोरियाकला स्थित मेसर्स ओम रोटो प्रिंटर्स के संचालक मनोज टेकवानी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई है। ओम रोटो प्रिंटर्स में तंबाकू, पान मसाला इकाइयों के लिए पैकेजिंग सामग्री (फिल्म, फाइल, स्ट्रिप्स तथा प्लास्टिक वस्तु) का चोरी-छिपे निर्माण करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो कारोबारी के ठिकाने से ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के पैकेजिंग आयटम्स मिले। पैकेजिंग आयटम्स के बिल तथा दस्तावेज दिखाने की मांग करने पर कारोबारी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस वजह से पैकेजिंग सामान जब्त किया गया।



### पैकेजिंग आयटम की ओडिशा आपूर्ति

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक गुटखा तथा तंबाकू उत्पाद के लिए कारोबारी जो पैकेजिंग आयटम्स तैयार कर रहा था। उसे वह कच्चे में ओडिशा के कारोबारियों को आपूर्ति करता था। अफसरों के अनुसार कारोबारी के घर की तलाशी में जो नकद राशि मिली है। उस राशि का हिसाब कारोबारी नहीं दे पाया, इस वजह से उक्त राशि भी जब्त की गई है।

# महिला के सिर पर वार कर हत्या नशेड़ी बेटा गायब, मोबाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में स्थित इंद्रप्रस्थ फेज-2 कॉलोनी में नए साल के पहले दिन सोमवार को एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मामले की पड़ताल में जुट गई। महिला की मौत सिर पर चोट लगने की वजह से हुई है। पुलिस के अनुसार किसी ने महिला के सिर पर भारी वस्तु से वार कर उसकी हत्या की है। घटना के बाद से मृतका का बेटा गायब है तथा उसका मोबाइल बंद है।

- डीडीनगर थाना क्षेत्र में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 की घटना
- मोबाइल रिसीव नहीं करने पर महिला का पति घर पहुंचा, तब पता चला

पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय पी. नीता राव की उसके मकान के कमरे में लाश मिली है। पुलिस को महिला की हत्या की जानकारी उनके पति पी. गौरी के माध्यम से मिली।

मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि वह टाटीबंध में रहता है, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में उसकी पत्नी तथा बेटा रहते थे। वह अपनी पत्नी से कभी-कभी मिलने आता था, इसके अलावा मोबाइल से संपर्क में रहता था। शुक्रवार को सुबह से पी. नीता को उसके पति ने कई बार कॉल किया, लेकिन पी. नीता ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद पी. गौरी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित घर पहुंचा, तब उसने अपनी पत्नी को खून से लथपथ मृत हालत में देखा। इसके बाद पी. गौरी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।



### बेटा करता था मां से विवाद

प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को जानकारी मिली है कि मृतका का बेटा पी. नागेश राव अपनी मां के साथ विवाद करता था। घटना के बाद से मृतका का बेटा गायब है और उसका मोबाइल नंबर बंद मिल रहा है। पुलिस को पता चला है कि नागेश नशे का आदी था। उस पर शक किया जा रहा है।

# महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में सोमवार को ईडी के विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने कोर्ट में 18 सौ पन्नों का प्रथम पूरक चालान पेश किया। ईडी ने महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल किए। इस तरह से महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोग आरोपी बनाए गए हैं। कोर्ट में पेश परिवाद पर 10 जनवरी को बहस होगी।

- महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोगों को बनाया गया आरोपी

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के वकील ने पूर्व में जो परिवाद पेश किया था, उसमें छह हजार करोड़ रुपए गड़बड़ी होने का आरोप लगाया गया है। ईडी के वकील ने कोर्ट में पूरक चालान पेश करते हुए पुलिसकर्मी भीम सिंह यादव, असीम दास के अलावा शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी का नाम शामिल किया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व ईडी ने महादेव सट्टा एप को लेकर अक्टूबर में 10 हजार पन्नों का कोर्ट में चालान पेश किया था।



महादेव सट्टे में फिर आधा दर्जन कारोबारियों पर छापे

### रोहित तथा अनिल कारोबारी

जानकारी के मुताबिक अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी दोनों कारोबारी हैं। सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप की रकम को हवाला तथा मनी लांड्रिंग के माध्यम से अनिल तथा रोहित पर खपाने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक दोनों कारोबारियों का सौरभ चंद्राकर के साथ डायरेक्ट लिंक जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ईडी को अनिल तथा रोहित के महादेव सट्टा एप में शामिल होने के पुख्ता प्रमाण मिले थे, इसलिए दोनों के नाम को ईडी ने आरोपियों की सूची में शामिल किया है।

## आंबा कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती, 7 तक दावा-आपत्ति

**रायपुर।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 3 पद एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 7 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अक्टूबर महीने मे आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का सारणीकरण, मूल्यांकन पश्चात समिति में दिए गए अनुमोदन के बाद अंतरिम सूची बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगर निगम रायपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।




## पेज 9 के शेष

### सीएम के निर्देश के बाद ...

तक का जुर्माना व 10 साल तक कैद की सजा हैं। इसलिए सभी ड्राइवरों को सजग रहना हैं और आहात व्यक्ति की सहायता करनी हैं। यह हिट एंड रन कानून सिर्फ दुर्घटना कर भागने वालों के लिए हैं, और जानबूझकर तथा लापरवाही से वाहन चलाने वालों के लिए हैं। जो वाहन चालक तुरंत पास के पुलिस स्टेशन में सूचना देगा या आहत को तुरंत चिकित्सा सुविधा देगा उन पर नियमानुसार जांच कमेटी बैठने के उपरांत निर्णय लिया जायेगा। **हेल्पलाइन नंबर जारी** : एसपी गुप्ता ने कहा की पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं और स्थिति पर नजर बनाए रखे हैं। जिले स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है जो 24 घंटे संचालित होंगी और ऐसी परिस्थिति के लिए तुरंत हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया हैं। जिसका मोबाइल नंबर 94792-57558 हैं। किसी भी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

### जिले में कोराना ने ...

केवल सचेत रहने व एहतियात बरतने के लिए कहा गया है। जो लोग किसी भी बीमारी से पीड़ित हैं वे अपना ध्यान रखें व भीड़ वाली जगहों पर जाने से गुरेज करें। आम लोगों को फिलहाल चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। प्रशासन की ओर से सारी इमरजेंसी दवाओं के प्रबंध पहले ही किए गए हैं। लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर कोविड से बचाव के लिए नियमों का पालन किया जाए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप



## परपोड़ा में गूंज रही श्रीराम नाम की गूंज

**बेरला/कोदवा।** ब्लॉक बेरला अंचल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष प्रारंभ होते ही भगवान राम की कथा, गांव-गांव में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया है। लिहाजा ग्राम परपोड़ा, खिसोरा, मोहभट्ठा में अखण्ड नवधा रामायण व मानस गान सम्मेलन 31 दिसंबर से 3 जनवरी तक किया जा रहा है। मंडली के सदस्यगण प्रातः प्रभात फेरी निकाल कर राम नाम का गुणगान करते जय राम जय राम, राम, राम, राम, जय राम की धुन के साथ ग्राम का भ्रमण किया। आयोजक जागृति मानस मंडली, ज्योति मानस मंडली, जय जननी मानस मंडली, शारदा मानस मंडली एवं समस्त ग्राम वासी परपोड़ा सहयोग से हो रहा है। इस सम्मेलन के संरक्षक रामानंद जोशी, अध्यक्ष मनोज साहू, उपाध्यक्ष शंकर परेटन साहू व डोमन साहू, सचिव महेंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया साहू, गोपाल साहू, संचालक रामकुमार साहू, शत्रुहन साहू एवं संदीप शर्मा कार्यकर्ता है। इसके फलस्वरूप 4 जनवरी को ग्राम परपोड़ा में भव्य मेला मड़ई होगा।

## छात्रों ने जाना फ्लाईएश से कैसे बनता है ब्रिक्स

**गुरूर।** स्वामी आत्मानंद स्कूल गुरुर की व्यवसायिक पाठ्यक्रम रिटेल के छात्रों द्वारा ब्रिक्स इंडस्ट्रीज का औद्योगिक भ्रमण किया गया। संस्था प्रमुख विजय मगेंद्र एवं अमीता मगेंद्र के द्वारा छात्राओं को फ्लाई एस ब्रिक्स की जानकारी प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत कच्चा माल, निर्माण प्रक्रिया, हैंडलिंग भंडारण, बिक्री और उपयोग किए जा रहे तकनीक के बारे इस दौरान व्यवसायिक प्रशिक्षक आशुतोष सिंह और विपिन चंद्राकर मौजूद थे। संस्था प्रमुख प्राचार्य बीपी. यादव एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को इस अवसर का पूर्ण लाभ लेने प्रत्साहित किया।

## डांडेसरा में लगा एनएसएस शिविर

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर की राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम डांडेसरा में आयोजित की गई है। शिविर का उद्घाटन ग्राम सरपंच विजय लक्ष्मी साहू द्वारा की गई। अध्यक्षता प्राचार्य केआर कोवाची के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण अध्यक्ष सोमन लाल हिरवानी, ग्राम पटेल ईश्वरी लाल साहू, बोधीराम खलिहारी, कुम्भनलाल कलिहारी, चुम्मनलाल अठभैया उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत स्वयंसेवक ने राजकीय गीत के साथ किया।

## दल्लीराजहरा में मनाया गया भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस

**दल्लीराजहरा।** महाप्रज्ञा बुद्ध विहार न्यू मार्केट दल्ली राजहरा में 1 जनवरी को नववर्ष व शौर्य दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भीमा कोरेगाव में जिन 500 मराठाओं ने अंग्रेजों से मिलकर के अपने हक के लिए लाखों करोड़ों पेशवाओं से संघर्ष करके विजय हासिल की उनकी शहादत को नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

योजना : श्रद्धालुओं को 25 जनवरी से 25 मार्च के बीच अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के दर्शन करवाए जाएंगे

# बीपीएल हितग्राहियों के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों की सहभागिता बढ़ती ही जा रही है। प्रतिदिन शिविर में लाभार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

शिविर के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि इस यात्रा से जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को आसानी से मिल रहा है। यह पहली बार है जब किसी सरकार ने अपनी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि इस यात्रा से देश के कोने-कोने में लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। जो लोग वंचित रह गए थे, वे सभी अपने फॉर्म भर रहे हैं और उन्हें भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल ने सभी आवासहीन गरीबों को पक्का मकान देने का भरोसा दिलाया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक व जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने बताया कि आयुष्मान योजना से अब गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों को 10 लाख रूपये तक का इलाज निःशुल्क प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को 25 जनवरी से 25 मार्च के बीच अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के दर्शन करवाए जाएंगे।




### शिविर में 2640 लोग हुए शामिल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किए जा रहे शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 322, आयुष्मान कार्ड के लिए 364, आधार कार्ड के लिए 200, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 553, पीएम आवास के लिए 1,575 लोगों ने आवेदन दिया। शिविर में 1,481 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। इसके अलावा अन्य योजनाओं के लिए भी हितग्राही आवेदन देने पहुंचे और स्टालों का भ्रमण किए। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 26 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव भी साझा किया।

### इन योजनाओं पर हुआ फोकस

विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टअप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभार्थियों को जरूरी औपचारिकता भी शिविर स्थल में ही पूरी कराई जा रही है। शिविर में पहुंचे हितग्राहियों ने बताया कि शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है। जिसका लाभ अब उन्हें मिलेगा। शिविर में उपस्थित जनसमूह को भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाए जाने को लेकर शपथ भी दिलाई गई।

### ये रहे उपस्थित

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रहलाद रजक, भिंभौरी मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा, बलराम पटेल, बेरला मंडल अध्यक्ष पोषण वर्मा, भोला वर्मा, त्रिलोचन वर्मा, परिवेश मिश्रा, हर्ष तिवारी, विकास तंबोली, बारगांव सरपंच धनेश्वरी चंदेल, देवेंद्र वर्मा, सतीश यादव, लकी देवांगन, विष्णु साहू, सनत चौधरी, भुनेश्वर साहू, बद्री यादव, मयंक अग्रवाल, शांतिलाल वर्मा, सुरेश निषाद, रामकुमार निषाद सहित भाजपा के पदाधिकारी व समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उपस्वास्थ्य केंद्र व कॉलेज के लिए दिया ज्ञापन

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में बारगांव की सरपंच धनेश्वरी चंदेल ने विधायक दीपेश साहू से बारगांव में उपस्वास्थ्य केंद्र व कॉलेज हेतु ज्ञापन दिया। जिससे कि आसपास के 10 गांव के बच्चों व मरीज को लाभ मिल सके।

### कृषि विभाग ने प्रदर्शन करने उड़ाया ड्रोन

महज पांच से सात मिनट के भीतर ही एक एकड़ में यूरिया का छिड़काव ड्रोन करता है। हालांकि यूरिया नैनो यानी लिक्विड फार्म में होता है। छिड़काव करते देखकर किसान उत्साहित हो रहे हैं। अधिकांश किसानों के यूरिया का इस तरह छिड़काव करते देखना पहला अनुभव है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को न केवल योजनाओं की जानकारी दी गई बल्कि तकनीकी ज्ञान भी दिया गया। किसानों को खेती-किसानी के नवाचारों से भी अवगत कराया गया। इन नवाचारों का खेती-किसानी में उपयोग कर किसानों के समय और धन की बचत होगी।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन प्रक्रियाओं की तिथि में की गई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में संचालित समस्त शा स की य / अ शा स की य महाविद्यालय, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज, आई. टी. आई. एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2023-24 मे छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric HYPERLINK /"http://scholarship.cg.nic.in/"scholarship.cg.nic.in वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2023-24 हेतु तिथि निर्धारित की गई। जिसके अंतर्गत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने हेतु 31 दिसंबर 2023 से 15 जनवरी 2024, ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 31 दिसंबर 2023 से 25 जनवरी 2024, स्वीकृति आदेश लॉक करने हेतु 31 दिसंबर से 10 फरवरी 2024 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं ड्राफ्ट प्रपोजल सैंक्शन आर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।

उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। ज्ञात हो की पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान की जा रहा है।

## रिटायर्ड ब्रांच मैनेजर को दी गई ससम्मान विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की नांदघाट शाखा के ब्रांच मैनेजर अश्वनी कुमार ठाकुर के 33 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा नेता मनीष जायसवाल ने कहा कि नांदघाट ब्रांच मैनेजर रहते हुए श्री ठाकुर ने आम ग्राहकों व किसानों को अपने कुशल अनुभवों से बेहतरीन प्रबंधन के साथ स्थानीय स्तर पर बैंकिंग सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बैंक व उपभोक्ताओं के बीच बेहतर सेवा प्रदान की उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ब्रांच मैनेजर सीके सोनी ने कहा कि अपनी कुशल व्यवहार से श्री ठाकुर ने कभी भी ग्राहकों को निराश नहीं होने दिया। वे अपनी जिम्मेदारी व कर्त्तव्य के प्रति सजग रहे। उनके कार्यकाल में बैंक कर्मियों को काफी कुछ सीखने को मिला। वहीं अश्वनी कुमार ठाकुर ने बैंकिंग सेवा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान से अलविदा कहना दुखदायी होता है। लेकिन जब कोई भी सेवा में आता है तो उसे एक दिन जाना भी पड़ता है। श्री ठाकुर ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। वही उपस्थित जनप्रतिनिधियों व बैंक कर्मियों ने उनके दीर्घ व सुखद जीवन की कामना कर स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर लालन यादव, संतोष चतुर्वेदी, राधेश्याम यदु, अरुण साहू, राजेंद्र तिवारी, लेखराम वर्मा, अतुल मिश्रा, डीएल कुर्रे, संतोष जांगड़े, बेदराम यादव, देवनारायण मिरी, डोमेश साहू व बैंक के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध खाद-झाइम की होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

प्रदेश शासन द्वारा पारित आदेश के परिपालन में सेवा सहकारी समिति खण्डसरा, चंदनू एवं उमरिया से जब्त की गई अवैध खाद (झाइम) सामग्री की ऑफसेट दर का निर्धारण उक्त सामग्री के निर्माण एवं अवसान तिथि के आधार पर समिति के द्वारा किया गया है। जब्त एन.पी. के. खाद की ऑफसेट रेट का निर्धारण अधिसूचित प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण परिणाम के आधार पर किया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि बेमेतरा के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते है। खाद सामग्री (झाइम एवं एनपीके) की दर निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित ऑफसेट दर के आधार पर 4 जनवरी दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे सेवा सहकारी समिति चंदनू में नीलामी आमंत्रित की जाती है।

- सेवा सहकारी समिति खंडसरा, चंदनू एवं उमरिया से की गई थी जब्त

### नीलामी के नियम एवं शर्तें

वे समस्त पंजीकृत संस्थाएं (शासकीय/निजी) जो अनुसंधान या खोज के उद्देश्य से जब्त खाद सामग्री का क्रय करना चाहती हैं, नीलामी में भाग ले सकती है। सामग्रियों का उठाव सफल प्रतिभागी को संबंधित सेवा सहकारी समिति से करना होगा। सामग्री (झाइम) की राज्य में विश्लेषण सुविधा नहीं होने के कारण गुणवत्ता संबंधी कोई पुष्टि गारंटी नहीं दी जावेगी। नीलामी में भाग लेने वाले सफल प्रतिभागी को डिमांड ड्राफ्ट/चालान के माध्यम से सामग्री की 25 राशि उसी दिवस एवं शेष राशि एक सप्ताह के भीतर सामग्री उठाव के पूर्व को शासकीय कोष में जमा करना होगा। किसी प्रकार का कानूनी विवाद केवल जिला बेमेतरा के न्यायालय के अधीन होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी एवं फर्म/संस्था से संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति जमा करना होगा। नीलामी समिति की उपस्थिति में सेवा सहकारी समिति चदनू में 4 जनवरी को दोपहर 12: बजे से नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। सामग्री की विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला-बेमेतरा के सूचना पटल में चस्पा रहेगी।

## ग्राम उसलापुर व मऊ पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ



**बेमेतरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकासखंड बेमेतरा के ग्राम उसलापुर(भोथीडीह) व ग्राम पंचायत मऊ में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविर स्थलों में मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जांच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, जनपद सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## डीपीएमयू की बैठक में शामिल हुए डीएम

**बेमेतरा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में एफएलएन के लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किए जाने हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेवल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (डीपीएमयू) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक संकुल में चिन्हांकित एफएलएन मेंटर्स की भूमिका एवं जवाबदेही, छलांग कार्यक्रम से एफएलएन के लक्ष्य की प्राप्ति, संकुल स्तरीय मासिक बैठकों के द्वारा तय मुद्दों पर अपेक्षाकृत परिणाम, प्राथमिक शालाओं को प्रदत्त विभिन्न सामग्री का नियमित उपयोग सुनिश्चित करता, प्राथमिक शालाओं का नियमित निरिक्षण, नवीन पध्दतियों का उपयोग कर शिक्षण गुणवत्ता को बढ़ाना, सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से एफ एल एन लक्ष्य की प्राप्ति, स्थानीय भाषा का उपयोग कर स्थानीय कहानी, फ्लेश कार्ड, पोड कास्ट आदि निर्माण हेतु आवश्यक व्यवस्था । डीपीएमयू की बैठक में कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा, जिले के पीएमयू एवं डीपीएमयू के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## ईंधन लेने पेट्रोल पंपों में वाहन चालकों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। मंगलवार को हड़ताल के दूसरे दिन ट्रांसपोर्ट की दिक्कत के चलते बसों के पहिए थमे रहे जिससे गंतव्य की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा और उन्हें अपना सफर रोकना पड़ा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट सिस्टम ठप्प होने से लोगों के सामने पेट्रोल की भी समस्या खड़ी हो गई। पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने के लिए दूसरे दिन भी भारी भीड़ उमड़ पड़ी । बेमेतरा जिले में एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म हुआ तो दूसरे पेट्रोल पंप पर भीड़ उमड़ पड़ी। कुछ पेट्रोल पम्पों में विवाद की भी स्थिति निर्मित होते देखी गई। तो कई जगह घंटों इंतजार के बाद लोगों को पेट्रोल-डीजल मिला। फिलहाल बेमेतरा जिला अंतर्गत 60 प्रतिशत पेट्रोल पंप में पर्याप्त पेट्रोल व डीजल उपलब्ध है। वहीं 40 प्रतिशत पेट्रोल पंप में पेट्रोल ड्राई हो चुकी है। लेकिन डीजल पर्याप्त उपलब्ध है। लोगों ने दो से तीन दिन की जरूरत के हिसाब से ईंधन भराना शुरू कर दिया है। अगर चालकों की हड़ताल इसी तरह जारी रही तो पूरे बेमेतरा जिले में पेट्रोल, डीजल, कैरोसिन का संकट गहरा सकता है। पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन ने प्रशासन पर मदद नहीं करने के आरोप लगाए। हालांकि देर शाम पुलिस की मदद से तेल टैंकरों को पंपों तक पहुंचाया गया, ताकि किल्लत दूर की जा सके। पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने कहा कि पेट्रोल, डीजल की सप्लाई खत्म होने की बात महज अफवाह है। जिले के सभी पेट्रोल पंप में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जहां कमी होने की स्थिति है वहां व्यवस्था की जा रही है। टैंकर सुचारू रूप से सप्लाई कर रहे हैं। कहीं भी अव्यवस्था ना हो इसके लिए प्रशासन से मिलकर योजना बनाई जा रही है।



## युवा शिविर में 11 राज्यों के युवाओं ने लिया भाग



**बेमेतरा।** मानव तीर्थ में 25 दिसंबर से आठ दिवसीय युवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। यह शिविर मानव तीर्थ का सातवां कैप रहा, 11 राज्यों से करीब 39 युवाओं ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर में गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, एम.पी., छत्तीसगढ़, मुंबई, उड़ीसा, झारखंड, बिहार आदि राज्यों से युवा शिविर में शामिल थे। इस शिविर (यूथ कैंप) का उद्देश्य परिचय के बाद, अध्ययन से जुड़ने के लिए बीच की कड़ी के रूप में किया जाता है। जिससे अध्ययन अभ्यास की स्पष्टता बने, युवाओं को मानव तीर्थ में अध्ययन अभ्यास का स्वरूप का भास हो। युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है साथ ही युवाओं में मैत्री और निश्चित और व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करना शामिल था।







